# उच्च शिक्षा विभाग, छ.ग. शासन द्वारा संभाग स्तरीय ऑनलाइन कक्षाओ के लिए hecg online app को मोबाइल पर डाऊनलोड करने और कक्षाओ से जुडने के लिए निर्देशिका

(अनुभव पर आधारित)


प्रस्तुतकर्ता

ड़ा. राजीव शंकर खेर

प्राचार्य


शासकीय महामाया महाविद्यालय



रतनपुर 495442


छत्तीसगढ़

मोबाइल 8962311524, 9300311524(व्हात्सप्प)

kherrs000@gmail.com

| hecg online app मोबाइल पर कैसे डाऊन लोड करें | |
|---|---|
| <br> | **सर्वप्रथम अपने मोबाइल में Play store सर्च करे**<br><br>Play store को टच करे |
| <br> | प्ले स्टोर ओपन करने पर सर्च बॉक्स में hecgonline टाइप करें तो इस तरफ की स्क्रीन दिखेगी<br><br>**जहां इस तरह HECG Online Department of Higher Ed.. दिखे उसे टच करे** |
| | |


| | |
|---|---|
|  | **Install को टच करे** |
|  | **Open को टच करें** |




जब आपके मोबाइल में अप्प ओपेन होने पर इस तरह की स्क्रीन दिखाई देगी

अपने संभाग को टच करें, अ.बि.वा. वि वि बिलासपुर के विद्यार्थी Bilaspur Division के विकल्प का चयन करे एवं SUBMIT को टच करे।


## अब log in करने और कक्षा को जॉइन करने की प्रक्रिया





**यहाँ आप आपको आबंटित यूसर नेम को टाइप करें**

**यहाँ आप आपको आबंटित पासवर्ड को टाइप करें और LOGIN को टच करें**


**लॉग इन के दौरान फोटो, मीडिया फोन कॉल मैनेज करने की अनुमति के मैसेज आवे तो ALLOW करें**





स्क्रीन में बाई ओर ऊपर यहाँ टच कर मेनू खोले





Live Class के विकल्प को टच करें





आप जब लॉगिन करेंगे उस समय यदि कोई कक्षा ऑनलाइन चल रही होगी तो केवल उस कक्षा के सामने ही Join Class का विकल्प दिखेगा उसे टच करें




क्लास जॉइन की प्रक्रिया में यदि इस तरह स्क्रीन में अंधेरा हो जाय और नीचे टेक्स्ट माइक, फोन, कैमरा का प्रतीक दिखे तो न घबराए ये विकल्प भी एक्टिव नहीं रहते, और डिफ़ाल्ट ऑफ हो जाता है। नेटवर्क जुड़ने की प्रतीक्षा करें. घर में जहां नेटवर्क कनैक्ट आसानी से होता है जैसे आँगन, छत आदि वहाँ जाएँ

| | |
|---|---|
|  | यदि इस तरह का मैसेज आवे तो Rejoin now को टच कर देखे यदि यह विकल्प एक्टिव न हो तो भी इंतज़ार करे।<br>घर में जहां नेटवर्क कनैक्ट आसानी से होता है जैसे आँगन, छत आदि वहाँ जाएँ |
| | |
|  | कक्षा में जुडते ही इस तरह की स्क्रीन दिखाई देगी जिसमे कक्षा में उपस्थित विद्यार्थियो और शिक्षक का नाम दिखता रहेगा । शिक्षक का नाम मालूम हो तो उसे सर्च करने के लिए स्क्रीन को टच कर ऊपर नीचे स्क्रॉल करे किसी एक बॉक्स में शिक्षक दिखेंगे और आवाज भी आएगी |
| | |





जिस बॉक्स में शिक्षक/बोर्ड दिखेंगे, उस बॉक्स को  थोड़ा देर टच (प्रेस) कर रखे, नीचे के विकल्प खुल जाएंगे। ध्यान से देखे इस बॉक्स में बाई ओर ऊपर स्पीकर का छोटा प्रतीक दिखता रहेगा अन्य बॉक्स में नहीं दिखता।

इन विकल्प में Show on stage के विकल्प को टच करे तो पूरे स्क्रीन में कक्षा लेने वाले शिक्षक/ बोर्ड दिखेंगे। आवाज भी आती रहेगी।





इस तरह की स्क्रीन दिखाई दे तो इसका अर्थ यह है कि अब आप कक्षा में शामिल हो गए है। ध्यान से नीचे कि ओर देखे माइक और कैमरा दोनों डिफ़ाल्ट ही ऑफ है। केवल जब शिक्षक कोई प्रश्न पूछे उस अवस्था में अपने माइक विकल्प को टच कर ऑन करे और जवाब दे, और फिर माइक विकल्प को टच कर ऑफ कर दे। इसी तरह शिक्षक के निर्देशित करने पर ही अपने कैमरा को ऑन करे फिर निर्देशानुसार ऑफ भी कर दे।

यदि आप मोबाइल में शिक्षक/ बोर्ड को और स्पष्ट (आड़ी स्क्रीन) देखना चाहते है, निम्नानुसार प्रयास करे।




**मोबाइल कि सेटिंग में जाए, Auto-rotate के विकल्प को टच कर एक्टिव करे व एक्टिव होने पर मोबाइल को थोड़ा सा घुमाए, अब मोबाइल में नीचे की तस्वीर जैसा दिखने लगेगा**



**नोट: प्रत्येक मोबाइल में software/ app के डिस्प्ले में थोड़ा बहुत परिवर्तन होता है। किसी भी तरह की समस्या होने पर अपने महाविद्यालय के प्रभारी को उससे अवगत कराए या फिर hecgonline के संपर्क फोन नंबर 07225967063, 7225967094 पर संपर्क करें।**

**कोविड़-19 के संक्रामण से बचाव के निर्देशों का पालन करे जैसे- दो गज की दूरी रखे, मास्क का उपयोग करे, हाथो को साबुन से धोये आदि।**

**धन्यवाद**